an>

Title: Need to compensate the farmers whose crops have been damaged by wild animals.

श्री राजकुमार सैनी (कुरूक्षेत्र) ः मैं सरकार का ध्यान अपने देश के किसानों की समस्या की ओर दिलाना चाहता हूँ। किसान बड़ी मेहनत से महँगे खाद एवं महँगी दवाईयों से फसलों को पैदा करता है, परंतु आवारा जंगली जानवरों विशेषकर नीलगायों द्वारा फसलों को कुचल व खाकर बर्बाद कर दिया जाता है जिससे किसानों की हालत दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है जिससे वह आज खुदकुशी करने के लिए भी तैयार हैं। प्राकृतिक आपदाओं से क्षतिग्रस्त फसलों के लिए किसानों को मुआवजा मिल जाता है, परन्तु वह जंगली जानवरों से होने वाली फसलों की क्षति की भरपाई नहीं कर पाता।

अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि जिस प्रकार प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित फसलों के लिए किसानों को मुआवजा दिया जाता है, ठीक उसी प्रकार किसानों की दशा में सुधार के लिए जंगली जानवरों द्वारा नष्ट हुई फसलों के लिए भी किसानों को मुआवजा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए।